दिनांक 2 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहर के मुख्य स्थल पर स्थित संजय नगर तालाब का होगा जीर्णोद्धार, नए स्वरूप में दिखेगा तालाब, 46 लाख की लागत से संवरेगा

भिलाई नगर/ महापौर एवं विधायक भिलाई नगर श्री देवेंद्र यादव के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट संजय नगर तालाब का उन्नयन कार्य किया जाएगा! इसका कार्य आदेश निगम ने जारी कर दिया गया है! सहायक अभियंता सुनील दुबे एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्य आदेश जारी होने के बाद जल्द ही इसका भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा! जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड चार में आने वाले तथा शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले सुपेला के समीप संजय नगर तालाब के सौंदर्यीकरण करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है! जिसकी स्वीकृति लागत 46.42 लाख है! कई अड़चनों के बाद निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संजय नगर सुपेला तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए आखिरकर कार्य आदेश जारी कर दिया गया है! कार्य आदेश जारी होने के बाद संजय नगर तालाब को बेहतरीन तरीके से संवारने का काम किया जाएगा! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जल्द कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं! संजय नगर तालाब के आईलैंड में फव्वारा लगाया जाएगा, घाट के किनारे पाथवे निर्माण किया जाएगा, गार्डन सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे, चारों ओर पेवर ब्लॉक और रैंप बनाएं जाएंगे, सिंचाई के लिए बोर की व्यवस्था की जाएगी, पौधों को पानी देने के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी, भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होगा, हाई मास्क लाइट लगाए जाएंगे, तालाब के चारों ओर एलईडी लाइट की रोशनी भी होगी! संजय नगर सुपेला तालाब शहर के प्रमुख तालाबों में से एक है!

जनसंपर्क अधिकारी